प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- वीर बाल दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे–प्रदेश में भी विभिन्न आयोजन।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज से जयपुर के दौरे पर–केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जोधपुर के दौरे पर रहेंगे।
- शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स आठ देशों के पर्यटकों के साथ आज जयपुर पहुंची।
- प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज से कई स्थानों पर मावठ की संभावना।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रव्यापी उत्सव वीर बाल दिवस में भाग लेंगे। देश के भावी निर्माता के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त बच्चों से संवाद करेंगे। श्री मोदी सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारम्भ करेंगे। इधर प्रदेश में भी वीर बाल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्य कार्यक्रम जयपुर में भाजपा मुख्यालय पर आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शिरकत करेंगे। इस अवसर पर सिख गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए शबद कीर्तन और संगोष्ठी सहित विभिन्न गतिविधियां होंगी। प्रदेश के हर मंडल और जिला मुख्यालय पर विशेष सभाएं, प्रभात फेरियां, शब्द कीर्तन, भाषण प्रतियोगिताएं और विचार गोष्ठियां होंगी। आयोजन की तैयारी के लिए समन्वय समिति का गठन किया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के साहस और बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 7 वर्गों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कायर प्रदान करेंगी। पुरस्कृत होने वाले बच्चे 14 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में बच्चों की उपलब्धियों के लिए बाल पुरस्कासर प्रदान करती है। पुरस्कृत होने वाले हर बच्चे को पदक, प्रमाण पत्र और संदर्भ पुस्तिका दी जाएंगी।

00000

100 दिवसीय टीबी कैम्पेन के तहत प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इसी कडी में आज हनुमानगढ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखूवाली और जोरावरपुरा सब

सेंटर में षिविर आयोजित किये जायेंगे। हमारी संवाददाता ने बताया कि मोबाईल वेन के माध्यम से आयोजित इन शिविरों में अधिक से अधिक लोगों की जांच की जायेगी ।

00000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज दो दिवसीय दौरे पर जयपुर आ रहे है। वे कल 'स्वामित्व योजना' के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के बाद वे भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि नड्डा का यह दौरा मुख्य रूप से सरकारी कार्यक्रम के लिए है, लेकिन संगठन के प्रमुख होने के नाते वे पार्टी नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान सुशासन दिवस सहित संगठन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा होने की संभावना है। इधर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज से जोधपुर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री चौहान स्वामित्व योजना के कार्यकम में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल स्वामित्व योजना के अंतर्गत 56 लाख से अधिक परिसम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी या बसावट वाले क्षेत्रों में परिसम्पित्ति मालिकों को भूमि के दस्तावेज प्रदान किए जाएंगे।

0000

शाही ट्रेन 'पैलेस ऑन व्हील्स' आठ देशों के 51 पर्यटकों के साथ आज जयपुर पहुंची है। इनमें भारत के 23, अमेरिका के 15, स्वीडन के 6, कनाडा के 3, सिंगापुर और स्पेन के 2–2 पर्यटक शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि ट्रेन के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पर्यटकों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

00000

सीकर में आज से राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से आयोजित संभाग स्तरीय युवा महोत्सव शुरू हो रहा है। ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान में होने वाले इस महोत्सव में सीकर, झुंझुनू, नीमकाथाना और चुरू जिले के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी और कार्यकम के आयोजक सचिव शीशराम कुलहरी ने बताया कि राज्य की दुर्लभ और लुप्त कला एवं संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार यह आयोजन करवा रही है।

.....

इधर भरतपुर के यूआईटी ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय युवा महोत्सव में 468 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कार्यकम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी शिरकत करेंगे।

00000

कोटा महोत्सव का कल रात रंगारंग समापन हुआ। तीन दिवसीय इस महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किये गये। अलग–अलग मंचों पर अलग–अलग शैलियों और विधाओं की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली। आखिरी दिन, जहां युवाओं ने कोटा डोरिया फैशन शो के माध्यम से इसकी लोकप्रियता और संभावनाओं से परिचित कराया। साथ ही कथक नृत्य और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया गया। महोत्सव

के दौरान पेंटिंग वर्कशॉप भी आयोजित की गई। इसमें विभिन्न राज्यों से आए चित्रकारों ने चंबल रिवर फ्रंट की खूबसूरती को अपने नजरिए से केनवास पर उतारा।

000000

प्रदेश में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज से कई स्थानों पर बादल छाये रहने और कहीं–कहीं बारिश की संभावना है। इससे दिन और रात के तापमान में गिरावट के आसार है। विभाग ने अजेमर, जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, नागौर और पाली में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच अजमेर, जैसलमेर, पाली में आज सुबह से कोहरा छाया हुआ है। सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे है। भीलवाडा और सीकर में भी आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। हनुमानगढ़ में ठण्ड का दौर तेज हो गया है। इसके चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

00000

इधर नववर्ष के आगमन और शीतकालीन अवकाश के साथ ही काफी संख्या में पर्यटक प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर रहे है। पाली के जवाई लेपर्ड एरिया में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां पर्यटक जीप सफारी का आनंद ले रहे हैं।

0000